# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (13.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATEL13.05.2025, PAGE-04

### राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान के तहत तैयार किया जा रहा प्रस्ताव

# अमेरिकी सॉफ्टवेयर से जांची जायेगी थीसिस

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में अमेरिकी सॉफ्टवेयर टरनिटिन से शोध छात्रों की थीसिस जांची जायेगी। इसकी खरीद के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इससे एक दिन में तीन रिसर्च पेपर चेक किया जा सकता है। इसकी कीमत 12 लाख रुपये है। बीआरएबीयू रूसा से मिलने वाले 10 करोड़ 47 लाख की राशि के लिए प्रस्ताव भेजा है। इस दस करोड़ की राशि से बीआरएबीयू में कई काम कराये जायेंगे।

बीआरएबीयू के विकास अधिकारी डॉ. जेपी त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान के तहत यह प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और रूसा के सहयोग से विकास के लिए राशि दी जायेगी। इस राशि के मिलने से विवि में कई नई चीजें शुरू की जायेंगी। इस सॉफ्टवेयर के आने से विभाग के सभी प्रोफेसर खुद से ही छात्रों की थीसिस का प्लेगरिज्म जांच कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें लागिन आईडी और पासवर्ड दिया जायेगा।

**तीन विभागों में सवा करोड़ से आयेंगे प्रैक्टिकल के सामान :** रूसा से मिलनेवाली इस राशि से जूलॉजी, फिजिक्स और कमेस्ट्री विभाग में सवा करोड़ से प्रैक्टिकल के सामान आयेंगे। इन सामानों के आने के बाद विभाग में प्रैक्टिकल के लिए सामानों की जरूरत कम होगी। सामानों की खरीद का प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। राशि मिलने के बाद इन सामानों की खरीद की जायेगी।



- सूबे में पहली बार विवि में मंगाया जा रहा है सॉफ्टवेयर
- रूसा से मिलने वाले 10 करोड़ रुपये से आयेगा सॉफ्टवेयर
- इससे एक दिन में तीन रिसर्च पेपर की हो सकेगी जांच

### बीआरएबीयू में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

विकास अधिकारी ने बताया कि बीआरएबीयू में एक नई डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई जायेगी। अभी बीआरएबीयू में ई लाइब्रेरी चल रही है। डिजिटल लाइब्रेरी होने से यहां जो भी किताबें हैं वह डिजिटल रूप में बदल जायेंगी। इससे छात्रों को किताब पढ़ने और खोजने में आसानी होगी। बीआरएबीयू में पहलीबार डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी में डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### रिसर्च लैब के लिए हिन्दी विभाग के पास बनेगा भवन

बीआरएबीयू में हिन्दी विभाग के पास एक भवन बनाया जायेगा। इस भवन में अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनाये जायेंगे। यह 5200 स्क्वायर फुट में होगा। इसमें सात करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह तीन मंजिला भवन होगा। इसमें निचले फ्लोर पर पार्किंग और दूसरे फ्लोर पर कक्षाएं तीसरे पर लैंग्वेज लैब और सेंट्रल रिसर्च लैब बनाया जायेगा। पहले सेंट्रल रिसर्च लैब फिजिक्स विभाग में बनाया जाना था। मानवीकी और सोशल साइंस संकाय में कुछ कक्षाएं जर्जर हैं, इसलिए इस भवन में कक्षा बनाये जायेंगे।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 13.05.2025, PAGE-04

# पूर्व मंत्री अजीत कुमार बने संरक्षक

मुजफ्फरपुर ।पूर्व मंत्री अजीत कुमार बीआरएबीयू कर्मचारी संघ के नये संरक्षक बनाये गये हैं। कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार शाम पूर्व मंत्री को मिलकर उन्हें संरक्षक बनाये जाने का पत्र सौंपा। अजीत कुमार ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर मुह मीठा कराया और बधाई दी उन्होंने कहा कि आप सभी को जो जिमेदारी मिली है, उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना है। हम हर दु:ख सुख में सदैव कर्मचारियों के साथ खड़े हैं।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:13.05.2025, PAGE-04

# बीएड एंट्रेंस के लिए 28 केंद्रों का भेजा प्रस्ताव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीएड कालेजों में नामांकन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने 28 केंद्रों का प्रस्ताव नोडल विश्वविद्यालय को भेजा है। परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। बीएड सत्र 2025-27 में नामांकन के लिए इस वर्ष 1.31 लाख अभ्यर्थियों ने ही आवेदन किए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में 76 हजार की कमी आई है। सत्र 2024-26 के लिए पूरे राज्य में 2.08 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। वहीं बीएड में नामांकन के लिए पूरे राज्य में करीब 37300 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए इस वर्ष कुल 1.57 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 21074 विद्यार्थियों का आवेदन अधूरा है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन एलएनएमयू की ओर से कराया जा रहा है। इसके लिए 21 मई को एडमिट कार्ड जारी किया जाना है। प्रवेश परीक्षा 28 मई को होनी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 13.05.2025, PAGE-04

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छह हजार से अधिक विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने सीआइए का अंक उपलब्ध कराने के साथ ही एक दर्जन से अधिक कालेजों में नामांकित स्नातक प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया है। इन कालेजों से परीक्षा में शामिल छह हजार से अधिक विद्यार्थी तीन दिनों से रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। विश्वविद्यालय की ओर से बार- बार रिमाइंडर जारी किए जाने के बाद भी कालेजों ने इंटरनल का अंक परीक्षा विभाग को उपलब्ध नहीं कराया था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने एक दर्जन से अधिक कालेजों को छोड़कर बाकियों का परिणाम जारी कर दिया था।

परीक्षा विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि छात्र विश्वविद्यालय क वेबसाइट पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

**दर्जनों कालेज ने नहीं दिया परीक्षा शुल्क विवरणी** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत दर्जनों कालेजों ने अब तक परीक्षा शुल्क विवरणी उपलब्ध नहीं कराई है। इसमें अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेज तक शामिल है। कालेजों ने छात्र-छात्राओं से परीक्षा फार्म भरा लिया। शुल्क जमा करा लिया, लेकिन चालान परीक्षा विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया। चालान के आधार पर ही शुल्क का सत्यापन होता है। इससे विश्वविद्यालय को यह जानकारी मिलती है कि परीक्षा शुल्क जमा हुआ है या नहीं। 16 मई से टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा शुरू होनी है। चालान जमा नहीं करने वाले कालेजों का एडमिट कार्ड रोका जाएगा। दूसरी ओर इससे पहले भी स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्ष दे चुके विद्यार्थयों का भी चालान कई कालेजों ने अब तक सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराया है। इसके लिए भी पूर्व में सभी कालेजों को नोटिस भेजा गया था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 13.05.2025, PAGE-04

# बीआरएबीयू कर्मचारी संघ के संरक्षक बने पूर्व मंत्री

**मुजफ्फरपुर.** बिहार विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव में जीते सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी सोमवार को पूर्व मंत्री ई .अजीत कुमार से उनके आवास पर जा कर मिले . उन्होंने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया .कहा कि आप सभी को जो जिम्मेदारी मिली है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना है .संघ के सचिव गौरव ने पूर्व मंत्री को कर्मचारी संघ के नये संरक्षक बनाये जाने का पत्र सौंपा . पूर्व मंत्री से मिलने वाले में अध्यक्ष राम कुमार,राजीव रंजन,अमुल कुमार,प्रशांत कुमार, विकाश मिश्रा,अजीत आर्यन, हिमांशु कुमार,आदि लोग थे .